प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 20.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि—पीएम—किसान योजना की तेईसवीं किस्त जारी की।

2— छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा—राज्यपाल रायपुर और मुख्यमंत्री सरगुजा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

3— एनटीए द्वारा कल छत्तीसगढ़ सहित देषभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में नीट—यूजी की पुनर्परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

और

4— प्रदेश कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आज से अभनपुर में शुरू—लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल होंगे शामिल।

........

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि–पीएम–किसान योजना की तेईसवीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के नौ करोड चवालीस लाख किसानों के बैंक खातों में अट्ठारह हजार आठ सौ अस्सी करोड रुपए से अधिक की राशि सीधे अंतरित की गई। योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चौबीस लाख बावन हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में चार सौ नब्बे करोड़ चौव्वन लाख रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के कुनकुरी के सलियाटोली स्थित आत्मानंद स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल इक्कीस जून को बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" रखी गई है। इसके लिए प्रदेश में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्यपाल रमेन डेका राजधानी रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में सरगुजा जिले में सुबह सात बजे सामूहिक योगाभ्यास होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू बिलासपुर, उपमुख्यमंत्री

अरुण साव दुर्ग उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह  राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस बीच, आज केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा हाटकचोरा में एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडेय शामिल हुए।

## नीट/यूजी–पुनर्परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए द्वारा कल इक्कीस जून को छत्तीसगढ़ सहित देषभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर पंद्रह मिनट तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक ही परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद आने वाले किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।

एनटीए नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप संचार चैनल शुरू किया है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि सभी आधिकारिक व्हाट्सएप संदेष केवल उसके सत्यापित नंबर–

सात–आठ दो–सात नौ–आठ शून्य–दो आठ–सात (78 27 98 02 87) के माध्यम से भेजे जाएंगे।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नीट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विषेष रेल सेवाओं की व्यवस्था की है। रायपुर रेलमंडल प्रबंधक दयानंद ने बताया कि रेलवे द्वारा कोरबा–दुर्ग–कोरबा के बीच मेमू पैसेंजर स्पेषल ट्रेनों का संचालन आज और कल किया जाएगा। इसके अलावा हसदेव एक्सप्रेस का अस्थायी विस्तार दुर्ग तक किया गया है।

इस बीच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने नीट–यूजी पुनरपरीक्षा से पहले आज मानक तैयारी के निरीक्षण के लिए राष्ट्रव्यापी मॉकड्रिल किया।

**प्रधानमंत्री–12 साल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर योजनाओं के प्रचार–प्रसार और पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास को प्राथमिकता देते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री श्री उइके ने कहा कि केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन, विकास और विश्वास के मंत्र के साथ संचालित योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव से आज लोगों के जीवन में बदलाव आया है।

## कांग्रेस–प्रशिक्षण शिविर

प्रदेश कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आज से रायपुर जिले के अभनपुर में शुरू हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस शिविर में कांग्रेस के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट शामिल हुए। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल इस शिविर में शामिल होंगे। शिविर में जिला अध्यक्षों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विषय–विशेषज्ञों द्वारा समसामयिक विषयों की जानकारी दी जाएगी।

## विद्यारंभ अभियान

प्रदेश में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ और व्यवस्थित करने के उद्देश्य से ''विद्यारंभ'' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा पूरी कर चुके छह वर्ष आयु के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान कर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के जीवन में शिक्षा के नये चरण की शुरूआत को उत्सव

के रूप में मनाना तथा आंगनबाड़ी से विद्यालय तक के सफर को सहज और सुगम बनाना है।

**<u>सुपोषित बचपन अभियान</u>**

बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में कुपोषण के खिलाफ सुपोषित बचपन अभियान शुरू किया गया है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही देश का मजबूत भविष्य हैं। अभियान के तहत जिले के नौ हजार कुपोषित बच्चों को छह माह तक सप्ताह में छह दिन पौष्टिक लड्डू दिए जाएंगे। इन लड्डुओं का निर्माण महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और देखभाल की भी व्यवस्था की गई है।

**<u>प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार</u>**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। महिला और बाल विकास विभाग ने प्रदेश के प्रतिभाशाली बच्चों से इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए आवेदन करने की अपील की है। यह पुरस्कार पांच से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों को दिया जाता है, जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला–संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

## <u>जिले की चिट्ठी</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''कोरबा''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## <u>संक्षिप्त समाचार–01</u>

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के नेउरगांव खुर्द में भारत माता की प्रतिमा और शहीद स्मारक का लोकार्पण किया।

– छत्तीसगढ़ माध्यमिक षिक्षा मंडल ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा दो हजार पच्चीस–छब्बीस का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा दो मई को आयोजित की गई थी। विद्यार्थी अपना परिणाम मंडल की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

– छत्तीसगढ़ गृह निर्माण और अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा आयोजित आवास मेला के लक्की ड्रॉ विजेताओं की घोषणा बाईस जून को की जाएगी। इस ड्रॉ में पात्र हितग्राहियों को कार, मोटरसाइकिल, स्कूटी सहित कई आकर्षक उपहार जीतने का अवसर मिलेगा।

– कृषि विभाग के अधिकारियों ने सक्ती जिले के ग्राम सपोस में बिना वैध लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री कर रहे एक कृषि केन्द्र में छापामार कर करीब

आठ सौ बोरी उर्वरकों की बिक्री पर इक्कीस दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही उर्वरक विक्रेता को सात दिनों के भीतर स्पष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

– सूरजपुर जिले में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैकोना में बीती रात एक मोटरसाइकिल ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

**<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>**

– दुर्ग पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पंद्रह किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है।

और

– जांजगीर–चांपा जिले के नगर पालिका अकलतरा में पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने धरना–प्रदर्शन किया। चार घंटे तक चला प्रदर्शन अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हुआ।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>